संसद सदस्यों ने डॉ. नीलम संजीव रेड्डी को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 19 मई, 2017 : लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन; लोक सभा के उपाध्यक्ष डा. एम. तम्बि दुरै और पूर्व उप-प्रधानमंत्री तथा लोक सभा की आचार समिति के सभापति श्री एल. के. आडवाणी के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नीलम संजीव रेड्डी की वर्षगांठ पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

डॉ. नीलम संजीव रेड्डी को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले अन्य लोगों में संसद सदस्य और संसद के पूर्व सदस्य शामिल थे। लोक सभा के महासचिव श्री अनूप मिश्र और राज्य सभा के महासचिव श्री शमशेर के. शेरिफ तथा लोक सभा एवं राज्य सभा के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये ।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्ट जनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित डॉ. नीलम संजीव रेड्डी के जीवनवृत वाली पुस्तिका भेंट की गई।